भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 399

3 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तेलंगाना में आयुष अस्पताल

399. डॉ. जी. रणजीत रेड्डीः
श्रीमती कविता मलोथूः
डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तेलंगाना के विकाराबाद जिले के अनंतगिरि में आयुष अस्पताल स्थापित करने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या प्रस्तावित परियोजना की लागत और समय में कोई वृद्धि हुई है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) उक्त आयुष अस्पताल के कब तक कार्यशील होने की संभावना है; और

(ङ) उक्त अस्पताल में प्रदान की जाने वाली आवश्यक नैदानिक सुविधाओं, औषधियों, उपस्करों आदि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ड.): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आयुष अस्पतालों की स्थापना तेलंगाना के विकाराबाद जिले के अनंतगिरि सहित संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, 50/30/10 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। एनएएम के तहत, राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के माध्यम से तेलंगाना राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में विकाराबाद जिले के अनंतगिरी में 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की स्थापना के लिए प्रस्तुत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के तहत 757.15 लाख रुपये की अनुमानित लागत की तुलना में पहली किस्त के रूप में 600.00 लाख रुपये की मंजूरी दी है। राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकाराबाद जिले के अनंतगिरी में 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल के निर्माण के संबंध में कोई व्यय नहीं किया गया है। चूंकि, योजना का कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है और तदनुसार, एकीकृत आयुष अस्पताल की इस परियोजना को पूरा करने और इसकी कार्यशीलता के लिए भारत सरकार द्वारा कोई विशेष समयसीमा तय नहीं की गई है। इसके अलावा, एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार, 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की स्थापना के घटक के तहत, अस्पताल को आवश्यक नैदानिक सुविधाओं, औषधियों, उपकरणों और उपस्करों से सज्जित करने का भी प्रावधान किया गया है।

*****